This is a digitally signed Gazette, to verify click here.
http://rajpatrahimachal.nic.in

# राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

## हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

**मंगलवार, 08 सितम्बर, 2020 / 17 भाद्रपद, 1942**

**हिमाचल प्रदेश सरकार**

**नगर एवं ग्राम योजना विभाग**

अधिसूचना

शिमला–2, 05 सितम्बर, 2020

**संख्या टी0सी0पी0–ए (3)–2 / 2020.**—–हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश नगर और ग्राम योजना अधिनियम, 1977 (1977 का अधिनियम संख्यांक 12) की धारा 87 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, इस विभाग की अधिसूचना संख्याः टी0सी0पी–ए (3)–1 / 2014–I, तारीख 1 दिसम्बर, 2014 द्वारा अधिसूचित और राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश में 1 दिसम्बर, 2014 को प्रकाशित हिमाचल प्रदेश नगर

और ग्राम योजना नियम, 2014 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाने का प्रस्ताव करते है; जिन्हें जनसाधारण की सूचना के लिए राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश में एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है;

इन प्रारूप नियमों से संभाव्य प्रभावित होने वाले यदि किसी हितबद्ध व्यक्ति को उक्त प्रारूप नियमों की बाबत, कोई आक्षेप या सुझाव है तो वह उक्त प्रारूप नियमों के राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश में प्रकाशन की तारीख से तीस दिन की अवधि के भीतर सचिव (नगर एवं ग्राम योजना) हिमाचल प्रदेश सरकार को लिखित आक्षेप या सुझाव भेज सकेगा;

उपरोक्त नियत अवधि के भीतर प्राप्त हुए आक्षेप सुझाव यदि कोई हो / हों, पर सरकार द्वारा इन प्रारूप नियमों को अन्तिम रूप देने से पूर्व विचार किया जाएगा, अर्थात्:–

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**––(i) इन नियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश नगर और ग्राम योजना (छठवां संशोधन) नियम, 2020 है।

(ii) ये नियम राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. **परिशिष्ट–I का संशोधन.**––हिमाचल प्रदेश नगर और ग्राम योजना नियम, 2014 से संलग्न परिशिष्ट–I में सामान्य विनियम III में विनियम 30 के पश्चात् निम्नलिखित नया विनियम अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:–

"31. सड़क से वैली की ओर या पहाड़ी की ओर अवस्थित समस्त भवनों जिनके नियन्त्रित चौड़ाई / प्रतिधारक दीवार के पश्चात् प्लॉट के भीतर न्यूनतम 2.0 मीटर के सैट बैक हैं और जिनको सड़क से अबाध पहुंच है, के लिए ऐसे सैट बैक के सामने पचास प्रतिशत पर (बिना छत की और भवन के समानान्तर) खुली पार्किंग अनुज्ञात की जाएगी। वैली की ओर भवनों की दशा में भवन के स्वामियों को ऐसे सैट बैक के सामने खुली पार्किंग के लिए पचास प्रतिशत पर अस्थायी स्टील फ्रेम ढांचा / रैम्प का सन्निर्माण अनुज्ञात किया जाएगा। प्रकाश और संवातन के लिए पर्याप्त अन्तर / स्थान के आशय से प्रस्तावित अस्थायी पार्किंग प्लेटफार्म आर–पार दिखाई देने वाला / छिद्रित / जालीदार (ठोस चादर न हो) हो और जो किन्हीं आपदा प्रबन्धन के प्रयासों तथा संसक्त सड़क पर अबाध यातायात को बाधित न करता हो और जो रजिस्ट्रीकृत संरचना इंजीनियर द्वारा सम्यक् रूप से प्रमाणित हो।

**स्पष्टीकरण.**–योजना क्षेत्रों और विशेष क्षेत्रों और इन नियमों से संलग्न परिशिष्ट–I के अन्तर्गत, निर्दिष्ट क्षेत्रों के लिए तैयार अन्तरिम विकास योजना और विकास योजनाओं में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, उस विनियम में अन्तर्विष्ट उपबन्ध लागू होंगे।"।

आदेश द्वारा,
हस्ताक्षरित / –
सचिव (नगर एवं ग्राम योजना)।

————————

*[Authoritative English Text of this department notification No. TCP-A (3)-2/2020 dated 05-09-2020 as required under clause (3) of Article 348 of the Constitution of India].*

## TOWN AND COUNTRY PLANNING DEPARTMENT

NOTIFICATION

*Shimal-2, the 05th September, 2020*

**No. TCP-A(3)-2/2020.**—In exercise of the powers conferred by Section 87 of the Himachal Pradesh Town and Country Planning Act, 1977 (Act No. 12 of 1977), the Governor, Himachal Pradesh proposes to make the following rules further to amend the Himachal Pradesh Town and Country Planning Rules, 2014 notified *vide* this Department Notification No. TCP-A (3)-1/2014-I dated 1st December, 2014 and published in the Rajpatra (e-Gazette), Himachal Pradesh on 1st December, 2014, which are hereby published in the Rajpatra (e-Gazette), Himachal Pradesh for the information of the general public;

If any person, likely to be affected by these draft rules has any objection(s) or suggestion(s) against these draft rules, he/she may send the written objections or suggestions to the Secretary (TCP) to the Government of Himachal Pradesh, Shimla within a period of thirty days from the date of publication of the said draft rules in the Rajpatra (e- Gazette), Himachal Pradesh;

Objections or suggestions, if any, received within the above stipulated period shall be taken into consideration by the State Government, before finalizing these draft rules, namely :—

**1. Short title and commencement.**—(i) These rules may be called the Himachal Pradesh Town and Country Planning (Sixth Amendment) Rules, 2020.

(ii) These rules shall come into effect from the date of its publication in the Rajpatra (e-Gazette), Himachal Pradesh.

**2. Amendment of Appendix –I.**— In Appendix-I appended to the Himachal Pradesh Town and Country Planning Rules, 2014, in General Regulations III, after regulation 30, the following new regulation shall be inserted, namely:—

"31. For all buildings located on valley side or hill sides of the roads and having minimum clear setback of 2.0 M within the plot, after controlled width/retaining wall and having clear access from the road, open to sky parking (uncovered and parallel to the building) on 50% frontage of such setback shall be permissible. In case of buildings on valley side, owners shall be permitted to construct temporary steel frame structure/ramp on 50% frontage of such setback for open to sky parking. The temporary parking platform so proposed should be see-through/ perforated/meshed (not solid sheet) in order to have sufficient gaps/spaces for light and ventilation and should not obstruct any disaster management efforts and smooth flow of traffic on the abutting road and should be duly certified by a registered Structural Engineer.

*Explanation.*—Notwithstanding anything contained in Interim Development Plan and Development Plans prepared for Planning Areas and Special Areas and in areas referred under Appendix-I appended to these Rules, the provisions contained in this regulation shall apply.

By order,
Sd/-
*Secretary (TCP).*

---

**कृषि विभाग**

अधिसूचना

शिमला–2, 4 सितम्बर, 2020

**संख्या कृषि–बी–ए(3)–1 / 2017–वोल्यू–1–लूज.**——हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश कृषि उपज विपणन (संवर्धन और सरलीकरण) अध्यादेश, 2020 की धारा 7 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए

कृषि उपज के विपणन के विनियमन के प्रयोजन के लिए निम्नलिखित सेटेलाईट मण्डियों को आगामी सेब सीजन के लिए अस्थाई तौर पर उप मण्डी–प्रांगणों के रूप में कार्य करने हेतु लोक हित में तत्काल प्रभाव से अधिसूचित करते हैं:–

1. उप–मोहाल कमला नगर, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश के खसरा नम्बर 1298, 1299 और 1301 / 01 में अवस्थित फल मण्डी भट्टाकुफर के साथ लगता खुला क्षेत्र।

2. शेखर भवन, ढ़ली, भट्टाकुफर बाई पास रोड़; और

3. मोतीराम बिल्डिंग, ठियोग–हाटकोटी राष्ट्रीय राजमार्ग गजोट, पराला ठियोग, जिला शिमला हिमाचल प्रदेश।

आदेश द्वारा,
हस्ताक्षरित / –
प्रधान सचिव (कृषि)।

---

*[Authoritative English text of this Department Notification No. Agr-B-A(3)-1/2017 Vol-I-L dated 4th September, 2020 as required under clause (3) of Article 348 of the Constitution of India].*

**AGRICULTURE DEPARTMENT**

NOTIFICATION

*Shimla-2, the 4th September, 2020*

**No. Agr-B-A(3)-1/2017Vol-I-L.**—In exercise of the powers conferred by Section 7 of the Himachal Pradesh Agricultural Produce Marketing (Promotion and Facilitation) Ordinance, 2020, the Governor of Himachal Pradesh is pleased to notify following satellite mandies to function as sub-market yards on temporary basis for the ensuing apple season in public interest for the purpose of regulation of marketing of agricultural produce with immediate effect:—

1. Open space adjoining to fruit Market Bhatta Kuffar situated in Kh. Nos. 1298, 1299 and 1301/01 of Up Mohal Kamala Nagar, Distt. Shimla, H.P.

2. Shekhar Bhawan Dhalli Bhatta-Kuffar, Bye Pass Road; and

3. Moti Ram Building NH Theog –Hatkoti Road at Gajaut, Parala, Theog, Distt. Shimla H.P.

By order,
Sd/-
*Principal Secretary (Agriculture).*

**ब अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी, तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा (हि0प्र0)**

मुकद्दमा नं0 : 134 / 20

Smt. Sukh Maya w/o Amar Bahadur, r/o V.P.O. Totarani, Tehsil Dharamshala, District Kangra (H.P.).

बनाम

आम जनता

विषय.——प्रार्थना—पत्र जेरे धारा 13(3) हिमाचल प्रदेश पंजीकरण अधिनियम, 1969.

Smt. Sukh Maya w/o Amar Bahadur, r/o V.P.O. Totarani, Tehsil Dharamshala, District Kangra (H.P.) ने इस अदालत में शपथ—पत्र सहित मुकद्दमा दायर किया है कि उसके लड़के Ansh Chhetri का जन्म तिथि दिनांक 24—04—2009 को हुआ है परन्तु ग्राम पंचायत में जन्म पंजीकृत न है। अतः इसे पंजीकृत किये जाने के आदेश दिये जायें। इस नोटिस के द्वारा समस्त जनता को तथा सम्बन्धित सम्बन्धियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी को उपरोक्त Ansh Chhetri का जन्म पंजीकृत किये जाने बारे कोई एतराज हो तो वह हमारी अदालत में दिनांक 14—09—2020 को असालतन या वकालतन हाजिर आकर अपना एतराज पेश कर सकता है अन्यथा मुताबिक शपथ—पत्र जन्म तिथि पंजीकृत किये जाने बारे आदेश पारित कर दिये जायेंगे।

आज दिनांक 19—08—2020 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया।

मोहर।

हस्ताक्षरित / —
कार्यकारी दण्डाधिकारी,
धर्मशाला, जिला कांगड़ा (हि0प्र0)।

---

**ब अदालत श्री विकास जमवाल (हि0प्र0से0) विवाह पंजीकरण अधिकारी, धीरा, उप—मण्डल धीरा, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)**

1. अनिल मेहता आयु 35 वर्ष पुत्र प्रकाश चन्द मेहता, निवासी गांव मतेहड़, डाकघर नौरा, तहसील धीरा, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश।

2. कंचन कुमारी आयु 21 वर्ष पुत्री आन्नद कमाती, निवासी गांव हरिपुर मझहारी, कलउाई, मधुवानी, बिहार—847229 . . प्रार्थीगण।

बनाम

आम जनता . . प्रतिवादी।

आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण एक व दो ने इस न्यायालय में विवाह पंजीकरण करवाने का आवेदन किया है। अतः इस इश्तहार द्वारा आम जनता व उपरोक्त आवेदनकर्ता के माता पिता को इस विवाह के पंजीकरण बारे एतराज हो तो वह दिनांक 21—09—2020 या इससे पूर्व प्रातः 10 बजे इस न्यायालय में आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। इस तिथि के बाद कोई उजर स्वीकार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 17–08–2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया।

मोहर।

हस्ताक्षरित / —
विवाह पंजीकरण अधिकारी,
धीरा, उप–मण्डल धीरा, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश।

———————

**ब अदालत विरेन्दर कुमार, नायब तहसीलदार एवम् सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी, थुरल, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)**

किस्म मुकद्दमा.——दुरुस्ती नाम — तारीख पेशी : 06–10–2020

श्रीमती मीना कुमारी पत्नी श्री सुखदेव सिंह, निवासी गांव धनियारा, मौजा आलमपुर, तहसील थुरल, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)। . . प्रार्थिन।

बनाम

आम जनता . . प्रतिवादी।

विषय.——प्रार्थना–पत्र दुरुस्ती नाम राजस्व अभिलेख महाल धनियारा, मौजा आलमपुर, तहसील थुरल, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)।

श्रीमती मीना कुमारी पत्नी श्री सुखदेव सिंह, निवासी गांव धनियारा, मौजा आलमपुर, तहसील थुरल, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0) ने एक प्रार्थना–पत्र मय शपथ–पत्र पीठासीन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करते हुए अनुरोध किया है कि उसका नाम आधार कार्ड, पैन कार्ड व अन्य दस्तावेज में मीना कुमारी दर्ज है व उसका विख्यात व सही नाम भी मीना कुमारी ही है परन्तु राजस्व अभिलेख महाल धनियारा, मौजा आलमपुर, तहसील थुरल में उसका नाम देशो देवी गलत दर्ज हो गया है। अतः प्रार्थिन अब अपना नाम राजस्व अभिलेख महाल धनियारा, मौजा आलमपुर, तहसील थुरल में दुरुस्ती करवा करके श्रीमती देशो देवी के बजाए देशो देवी उपनाम मीना कुमारी पत्नी श्री सुखदेव सिंह दर्ज करवाना चाहती है। अतः प्रार्थिन का आवेदन स्वीकार करते हुए इस मुस्त्री मुनादी चस्पांगी व इश्तहार अखबारी के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रार्थिन के नाम की राजस्व अभिलेख महाल धनियारा, मौजा आलमपुर, तहसील थुरल में श्रीमती देशो देवी के बजाए देशो देवी उपनाम मीना कुमारी पत्नी श्री सुखदेव सिंह दर्ज करवाने बारे किसी किस्म की आपत्ति या उजर हो तो वह तारीख पेशी 06–10–2020 को असालतन या वकालतन हाजिर अदालत होकर अपना उजर पेश कर सकता है अन्यथा बाद तारीख पेशी किसी किस्म का उजर एवं एतराज नहीं सुना जावेगा व नाम दुरुस्ती का आदेश पारित कर दिया जाएगा।

यह इश्तहार आज दिनांक 27–08–2020 को मोहर अदालत व मेरे हस्ताक्षर से जारी हुआ।

मोहर।

हस्ताक्षरित / —
सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी थुरल,
तहसील थुरल, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)।

**ब अदालत श्री विकास जमवाल (हि0प्र0से0) विवाह पंजीकरण अधिकारी, धीरा, उप–मण्डल धीरा, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)**

1. सुदर्शन चन्द आयु 62 वर्ष पुत्र उतमा चन्द मेहता, निवासी गांव व डाकघर धीरा, तहसील धीरा, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश।

2. सीमा देवी आयु 43 वर्ष पुत्री गंगा राम, निवासी गांव टेहच, डाकघर डिगेट, तहसील अन्नी, जिला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश। . . प्रार्थीगण।

बनाम

आम जनता . . प्रतिवादी।

आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण एक व दो ने इस न्यायालय में विवाह पंजीकरण करवाने का आवेदन किया है। अतः इस इश्तहार द्वारा आम जनता व उपरोक्त आवेदनकर्ता के माता–पिता को इस विवाह के पंजीकरण बारे एतराज हो तो वह दिनांक 18–09–2020 या इससे पूर्व प्रातः 10 बजे इस न्यायालय में आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। इस तिथि के बाद कोई उजर स्वीकार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 17–08–2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया।

मोहर।

हस्ताक्षरित / –
विवाह पंजीकरण अधिकारी,
धीरा, उप–मण्डल धीरा, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश।

---

**ब अदालत नायब तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी, उप–तहसील लगड़ू, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)**

केस नं0 : 02/2020/NT तारीख पेशी : 06–10–2020

श्रीमती परवीन लता पत्नी स्व0 श्री राजमल, निवासी गांव माहड़, डाकघर लगड़ू, उप–तहसील लगड़ू, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश . . प्रार्थिया।

बनाम

आम जनता

उनवान मुकद्दमा.——राजस्व अभिलेख में पुत्र का नाम अभिषेक कुमार के बजाए अभिषेक दर्ज करने बारे।

श्रीमती परवीन लता पत्नी स्व0 श्री राजमल, निवासी गांव माहड़, डाकघर लगड़ू, उप–तहसील लगड़ू, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश ने प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत कर व्यक्त किया है कि उसके पुत्र का वास्तविक नाम अभिषेक है व स्कूल प्रमाण–पत्र व अन्य दस्तावेजों में भी उसके पुत्र का नाम अभिषेक ही दर्ज है परन्तु पटवार वृत्त लगड़ू के महाल माहड़, मौजा हवड़ोल के अभिलेख में उसका नाम गलती से अभिषेक की जगह अभिषेक कुमार दर्ज कर दिया है। इसलिए राजस्व अभिलेख में उसका नाम दुरुस्त दर्ज किया जाये।

प्रार्थी का नाम दुरुस्ती प्रकरण सुनवाई हेतु दिनांक 06–10–2020 को मुकाम लगडू में इस न्यायालय में निश्चित है। अतः सर्वसाधारण को इस इश्तहार मुस्त्री मुनादी द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति या पक्ष को प्रार्थिया के पुत्र का नाम राजस्व अभिलेख में अभिषेक कुमार के बजाए अभिषेक दर्ज करने में कोई आपत्ति या एतराज हो तो वह दिनांक 06–10–2020 को इस अदालत में असालतन व वकालतन आकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। दिनांक 06–10–2020 के उपरान्त इस बारे कोई भी आपत्ति / एतराज स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा राजस्व अभिलेख महाल माहड़, मौजा हवड़ोल में श्रीमती परवीन लता के पुत्र का नाम अभिषेक कुमार के बजाए अभिषेक पुत्र स्व0 श्री राजमल दर्ज करने के आदेश पारित कर दिये जायेंगे।

यह इश्तहार आज दिनांक 26–08–2020 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

मोहर।

हस्ताक्षरित / –
नायब तहसीलदार एवम् कार्यकारी दण्डाधिकारी,
उप–तहसील लगडू, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)।

---

**ब अदालत श्री पवन कुमार, कार्यकारी दण्डाधिकारी, बैजनाथ, जिला कांगड़ा, हि0 प्र0**

किस्म मुकद्दमा : दुरुस्ती नाम तारीख पेशी : 03–10–2020

सुनील कुमार पुत्र श्री निरपू राम, निवासी महाल गणखेतर, मौजा व तहसील बैजनाथ, जिला कांगड़ा (हि0प्र0)।

बनाम

आम जनता

विषय.––प्रार्थना–पत्र बराये दुरुस्ती राजस्व अभिलेख में प्रार्थी के पिता का नाम दुरुस्त करके तिखू राम पुत्र श्री कालू राम के बजाए निरपू राम पुत्र श्री कालू राम दर्ज करने बारे।

सुनील कुमार पुत्र श्री निरपू राम, निवासी महाल गणखेतर, मौजा व तहसील बैजनाथ, जिला कांगड़ा (हि0प्र0) ने अदालत हजा में प्रार्थना–पत्र गुजारा है कि प्रार्थी के पिता महाल गणखेतर, मौजा व तहसील बैजनाथ में भू–स्वामी था, तथा राजस्व अभिलेख में प्रार्थी के पिता का नाम तिखू राम पुत्र श्री कालू राम दर्ज है, जबकि प्रार्थी के पिता का असल नाम निरपू राम पुत्र श्री कालू राम है। लिहाजा इसे दुरुस्त करके निरपू राम पुत्र श्री कालू राम किया जावे।

अतः सर्वसाधारण को इस इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई उजर / एतराज हो तो वह दिनांक 03–10–2020 को सुबह 10.00 बजे इस न्यायालय में असालतन या वकालतन हाजिर आकर अपना एतराज पेश कर सकता है अन्यथा प्रार्थना–पत्र पर नियमानुसार उचित आदेश पारित कर दिये जाएंगे।

आज दिनांक 24–08–2020 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर से अदालत द्वारा जारी हुआ।

मोहर।

पवन कुमार,
कार्यकारी दण्डाधिकारी,
बैजनाथ, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)।

**ब अदालत कुमारी मेघना गोस्वामी, सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी, तहसील धीरा, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)**

केस नं0 : 25 / 2020 तारीख दायरा : 04—08—2020 तारीख पेशी : 25—09—2020

श्री कशमीर सिंह पुत्र सोभिया, निवासी महाल सूरी, मौजा डरोह, तहसील धीरा, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0) प्रार्थी।

बनाम

आम जनता प्रत्यार्थीगण।

विषय.——बराए नाम दुरुस्ती भू0—राजस्व अधिनियम 1954 की धारा 37(3) के अन्तर्गत।

प्रार्थी उपरोक्त ने इस अदालत में प्रार्थना—पत्र मय शपथ—पत्र इस आशय से पेश किया है कि उसका सही नाम श्री कशमीर सिंह पुत्र सोभिया है। जबकि महाल सूरी, मौजा डरोह, तहसील धीरा, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0) के राजस्व अभिलेख में कशमीर चन्द पुत्र सोभिया दर्शाया गया है जोकि गलत है। अतः महाल सूरी, मौजा डरोह, उप—तहसील धीरा जिला कांगड़ा, हि0 प्र0 के राजस्व अभिलेख में उनका नाम दुरुस्त किया जाये।

अतः इस बारे इस राजपत्र इश्तहार / मुस्त्री मुनादी द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी को उक्त नाम की दुरुस्ती बारे कोई उजर या एतराज हो तो वह दिनांक 25—09—2020 को प्रातः 10.30 बजे असालतन या वकालतन हाजिर अदालत आकर अपना उजर या एतराज पेश कर सकता है। इसके उपरान्त कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा तथा प्रार्थी के नाम की दुरुस्ती के आदेश पारित कर दिये जायेंगे।

आज दिनांक 24—08—2020 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित अदालत से जारी किया गया।

मोहर। हस्ताक्षरित / —
सहायक समाहर्ता (प्रथम श्रेणी),
तहसील धीरा, जिला कांगड़ा, हि0प्र0।

———————

**ब अदालत कुमारी मेघना गोस्वामी, सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी, तहसील धीरा, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)**

केस नं0 : 20 / 2020 तारीख दायरा : 28—07—2020 तारीख पेशी : 25—09—2020

श्री जतिन जम्वाल पुत्र संजय कुमार, निवासी महाल मंगेहड़, मौजा रझूं, तहसील धीरा, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0) प्रार्थी।

बनाम

आम जनता प्रत्यार्थीगण।

विषय.——बराए नाम दुरुस्ती भू0—राजस्व अधिनियम 1954 की धारा 37(3) के अन्तर्गत।

प्रार्थी उपरोक्त ने इस अदालत में प्रार्थना—पत्र मय शपथ—पत्र इस आशय से पेश किया है कि उनके पिता का सही नाम संजय कुमार पुत्र सरन है। जबकि महाल मंगेहड़, मौजा रझूं, तहसील धीरा, जिला कांगड़ा

(हि0 प्र0) के राजस्व अभिलेख में सन्जू पुत्र सरन दर्शाया गया है जोकि गलत है। अतः महाल मंगेहड़, मौजा रझूं, तहसील धीरा, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0) के राजस्व अभिलेख में उनके स्व0 पिता का नाम दुरुस्त किया जाये।

अतः इस बारे इस राजपत्र इश्तहार / मुस्त्री मुनादी द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी को उक्त नाम की दुरुस्ती बारे कोई उजर या एतराज हो तो वह दिनांक 25–09–2020 को प्रातः 10.30 बजे असालतन या वकालतन हाजिर अदालत आकर अपना उजर या एतराज पेश कर सकता है। इसके उपरान्त कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा तथा प्रार्थी के पिता की नाम दुरुस्ती के आदेश पारित कर दिये जायेंगे।

आज दिनांक 24–08–2020 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित अदालत से जारी किया गया।

मोहर।

हस्ताक्षरित / —
सहायक समाहर्ता (प्रथम श्रेणी),
तहसील धीरा, जिला कांगड़ा, हि0प्र0।

———————

**ब अदालत कुमारी मेघना गोस्वामी, सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी, तहसील धीरा, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)**

केस नं0 : 24 / 2020 तारीख दायरा : 31–07–2020 तारीख पेशी : 25–09–2020

श्री पुरुषोतम पुत्र सरन दास, निवासी महाल चम्बी, मौजा रझूं, तहसील धीरा, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0) . . प्रार्थी।

बनाम

आम जनता . . प्रत्यार्थीगण।

विषय.——बराए नाम दुरुस्ती भू0–राजस्व अधिनियम, 1954 की धारा 37(3) के अन्तर्गत।

प्रार्थी उपरोक्त ने इस अदालत में प्रार्थना–पत्र मय शपथ–पत्र इस आशय से पेश किया है कि उनके पिता का सही नाम राम सरन पुत्र सिधू है। जबकि महाल चम्बी, मौजा रझूं, तहसील धीरा, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0) के राजस्व अभिलेख में सरन दास पुत्र सिधू दर्शाया गया है जोकि गलत है। अतः महाल चम्बी, मौजा रझूं, तहसील धीरा, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0) के राजस्व अभिलेख में उनके पिता का नाम दुरुस्त किया जाये।

अतः इस बारे इस राजपत्र इश्तहार / मुस्त्री मुनादी द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी को उक्त नाम की दुरुस्ती बारे कोई उजर या एतराज हो तो वह दिनांक 25–09–2020 को प्रातः 10.30 बजे असालतन या वकालतन हाजिर अदालत आकर अपना उजर या एतराज पेश कर सकता है। इसके उपरान्त कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा तथा उक्त नाम की दुरुस्ती के आदेश पारित कर दिये जायेंगे।

आज दिनांक 24–08–2020 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित अदालत से जारी किया गया।

मोहर।

हस्ताक्षरित / —
सहायक समाहर्ता (प्रथम श्रेणी),
तहसील धीरा, जिला कांगड़ा, हि0प्र0।

**ब अदालत कुमारी मेघना गोस्वामी, तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी, तहसील धीरा, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)**

केस नं0 : 06 / 2020 तारीख दायरा : 28—07—2020 तारीख पेशी : 25—09—2020

शीर्षक :

श्री भगवान दास पुत्र जती राम, निवासी वाह, डाकघर रझूं, तहसील धीरा, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0) . . प्रार्थी।

बनाम

1. आम जनता
2. लोकल रजिस्ट्रार जन्म एवं मुत्यु पंजीकरण . . प्रत्यार्थीगण।

विषय.——प्रार्थना—पत्र अधीन धारा 13(3) जन्म / मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969.

प्रार्थी उपरोक्त ने इस अदालत में प्रार्थना—पत्र मय शपथ—पत्र इस आशय से पेश किया है कि उनके दादा श्री रोशन लाल पुत्र कुन्दन की मृत्यु दिनांक 16—01—1983 को गांव वाह, ग्राम पंचायत चम्बी, डाकघर रझूं, तहसील धीरा, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0) में हुई है। मगर अज्ञानतावश ग्राम पंचायत चम्बी के अभिलेख में दर्ज न है जिसे वह ग्राम पंचायत चम्बी के अभिलेख में दर्ज करवाना चाहता है।

अतः इस बारे इस राजपत्र इश्तहार / मुस्त्री मुनादी द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी को उक्त मृत्यु पंजीकरण बारे कोई उजर या एतराज हो तो वह दिनांक 25—09—2020 को प्रातः 10.30 बजे असालतन या वकालतन हाजिर अदालत आकर अपना उजर पेश कर सकता है। इसके उपरान्त कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा तथा आवेदक के दादा श्री रोशन लाल पुत्र कुन्दन की मृत्यु तिथि दिनांक 16—01—1983 को दर्ज करने के आदेश सम्बन्धित ग्राम पंचायत को पारित कर दिये जायेंगे।

आज दिनांक 24—08—2020 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित अदालत से जारी किया गया।

मोहर।

हस्ताक्षरित / —
सहायक समाहर्ता (प्रथम श्रेणी),
तहसील धीरा, जिला कांगड़ा, हि0प्र0।

———————

**ब अदालत कुमारी मेघना गोस्वामी, सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी, तहसील धीरा, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)**

केस नं0 : 21 / 2020 तारीख दायरा : 28—07—2020 तारीख पेशी : 25—09—2020

श्रीमती नीलम कुमारी पुत्री पुरुषोतम, निवासी महाल देहरू, मौजा काहनफट, तहसील धीरा, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0) . . प्रार्थिया।

बनाम

आम जनता . . प्रत्यार्थीगण।

विषय.——बराए नाम दुरुस्ती भू0—राजस्व अधिनियम, 1954 की धारा 37(3) के अन्तर्गत।

प्रार्थी उपरोक्त ने इस अदालत में प्रार्थना–पत्र मय शपथ–पत्र इस आशय से पेश किया है कि उनका सही नाम नीलम कुमारी पुत्री पुरुषोतम है। जबकि महाल पीरा, मौजा रझूं, तहसील धीरा, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0) के राजस्व अभिलेख में निम्मो देवी पुत्री पुरुषोतम दर्शाया गया है जोकि गलत है। अतः महाल पीरा, मौजा रझूं, तहसील धीरा, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0) के राजस्व अभिलेख में उनका नाम दुरुस्त किया जाये।

अतः इस बारे इस राजपत्र इश्तहार / मुस्त्री मुनादी द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी को उक्त नाम की दुरुस्ती बारे कोई उजर या एतराज हो तो वह दिनांक 25–09–2020 को प्रातः 10.30 बजे असालतन या वकालतन हाजिर अदालत आकर अपना उजर या एतराज पेश कर सकता है। इसके उपरान्त कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा तथा प्रार्थी के नाम दुरुस्ती के आदेश पारित कर दिये जायेंगे।

आज दिनांक 24–08–2020 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित अदालत से जारी किया गया।

मोहर।

हस्ताक्षरित / –
सहायक समाहर्ता (प्रथम श्रेणी),
तहसील धीरा, जिला कांगड़ा, हि0प्र0।

---

**ब अदालत कुमारी मेघना गोस्वामी, सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी, तहसील धीरा, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)**

केस नं0 : 23 / 2020 तारीख दायरा : 28–07–2020 तारीख पेशी : 25–09–2020

श्री पवन कुमार पुत्र पंजाब सिह, निवासी महाल पीरा, मौजा रझूं, तहसील धीरा, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0) . . प्रार्थी।

बनाम

आम जनता . प्रत्यार्थीगण।

विषय.––बराए नाम दुरुस्ती भू0–राजस्व अधिनियम, 1954 की धारा 37(3) के अन्तर्गत।

प्रार्थी उपरोक्त ने इस अदालत में प्रार्थना–पत्र मय शपथ–पत्र इस आशय से पेश किया है कि उनके स्व0 पिता का सही नाम पंजाब सिंह पुत्र फैली है। जबकि महाल पीरा, मौजा रझूं, तहसील धीरा, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0) के राजस्व अभिलेख में पन्जू पुत्र फैली दर्शाया गया है जोकि गलत है। अतः महाल पीरा, मौजा रझूं, तहसील धीरा, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0) के राजस्व अभिलेख में उनके स्व0 पिता का नाम दुरुस्त किया जाये।

अतः इस बारे इस राजपत्र इश्तहार / मुस्त्री मुनादी द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी को उक्त नाम की दुरुस्ती बारे कोई उजर या एतराज हो तो वह दिनांक 25–09–2020 को प्रातः 10.30 बजे असालतन या वकालतन हाजिर अदालत आकर अपना उजर या एतराज पेश कर सकता है। इसके उपरान्त कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा तथा प्रार्थी के पिता के नाम दुरुस्ती के आदेश पारित कर दिये जायेंगे।

आज दिनांक 24–08–2020 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित अदालत से जारी किया गया।

मोहर।

हस्ताक्षरित / –
सहायक समाहर्ता (प्रथम श्रेणी),
तहसील धीरा, जिला कांगड़ा, हि0प्र0।

**ब अदालत तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, तहसील भुन्तर, जिला कुल्लू, हि0 प्र0**

केस नं0 : 34/DT 2020 दायर तिथि : 13–08–2020

श्री सुमित कुमार पुत्र श्रीमती कृष्णकान्ता साकन, गांव वार्ड नं0 5, नगर पंचायत भुन्तर, डाकघर भुन्तर, तहसील भुन्तर, जिला कुल्लू, हि0 प्र0।

बनाम

सर्वसाधारण एवं आम जनता

विषय.––प्रार्थना–पत्र अधीन धारा 13(3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969.

श्री सुमित कुमार पुत्र श्रीमती कृष्णकान्ता साकन, गांव वार्ड नं0 5, नगर पंचायत भुन्तर, डाकघर भुन्तर, तहसील भुन्तर, जिला कुल्लू, हि0 प्र0 ने इस कार्यालय में प्रार्थना–पत्र मय शपथ–पत्र दिया है कि उसके नानाजी स्व0 श्री लक्ष्मण दास पुत्र श्री सिधुमल की मृत्यु दिनांक 13–01–1977 को स्थान गांव वार्ड नं0 5, नगर पंचायत भुन्तर, डाकघर भुन्तर, जिला कुल्लू, हि0 प्र0 में हुई है परन्तु उनकी मृत्यु की तिथि का इन्द्राज किसी कारणवश ग्राम पंचायत भुन्तर, तहसील भुन्तर, जिला कुल्लू, हि0 प्र0 के अभिलेख में दर्ज न किया गया है।

अतः इस इश्तहार हजा द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को स्व0 श्री लक्ष्मण दास पुत्र श्री सिधुमल की मृत्यु तिथि दर्ज करवाने बारे कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 23–09–2020 को सुबह 10.00 बजे या इससे पूर्व असालतन या वकालतन हाजिर अदालत आकर अपना एतराज दर्ज करवा सकता है। इसके उपरान्त कोई भी एतराज समायत न होगा तथा नियमानुसार मृत्यु तिथि दर्ज करवाने के आदेश सम्बन्धित ग्राम पंचायत को पारित कर दिए जाएंगे।

आज दिनांक 22–08–2020 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

मोहर।

हस्ताक्षरित/–
कार्यकारी दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी एवं तहसीलदार,
भुन्तर, जिला कुल्लू, हि0 प्र0।

---

**ब अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील निरमण्ड, जिला कुल्लू, हि0 प्र0**

मुकद्दमा नं0 : 13/2020

श्री रमेश कुमार पुत्र मिसरू राम पुत्र पूनू, निवासी तूनन, फाटी तूनन, तहसील निरमण्ड, जिला कुल्लू, हि0 प्र0 . . वादी।

बनाम

आम जनता . . प्रतिवादी।

उनवान मुकद्दमा : प्रार्थना–पत्र जेर धारा 13(3) जन्म व मृत्यु अधिनियम, 1969 के अन्तर्गत जन्म तिथि दर्ज करने बारे।

इस कार्यालय में श्री रमेश कुमार पुत्र मिसरू राम, निवासी तूनन, फाटी तूनन, ग्राम पंचायत तूनन, तहसील निरमण्ड, जिला कुल्लू, हि0 प्र0 ने उक्त अधिनियम के अन्तर्गत प्रार्थना–पत्र गुजार कर निवेदन किया है कि उसकी माता स्व0 शांगरी देवी पत्नी श्री मिसरू राम की मृत्यु दिनांक 23–12–2015 को स्थान तूनन में हुई है। अज्ञानता के कारण व इलाका गैर रहने से निश्चित अवधि में इसकी मृत्यु तिथि दर्ज नहीं करवा सका है जिस विषय उसने अपना ब्यान हलफिया भी प्रस्तुत किया है। सायल ने ग्राम पंचायत तूनन में उसके परिवार रजिस्टर में दर्ज करने का अनुरोध कर रखा है।

इस इश्तहार द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति को शांगरी देवी पत्नी मिसरू राम का नाम व मृत्यु तिथि ग्राम पंचायत तूनन में दर्ज करने में एतराज हो तो वह दिनांक 28–09–2020 तक हमारे कार्यालय में हाजिर होकर लिखित व मौखिक एतराज प्रस्तुत करें उक्त तारीख के बाद कोई भी एतराज मान्य नहीं होगा और समझा जावेगा कि उक्त नाम व मृत्यु तिथि ग्राम पंचायत में दर्ज करने बारे किसी को कोई एतराज नहीं है तथा सचिव ग्राम पंचायत तूनन को पंजीकृत नाम व मृत्यु तिथि दर्ज करने के आदेश पारित कर दिए जायेंगे।

आज दिनांक 25–8–2020 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

मोहर।

हस्ताक्षरित / –
कार्यकारी दण्डाधिकारी,
तहसील निरमण्ड, जिला कुल्लू (हि0 प्र0)।

———————

**ब अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील निरमण्ड, जिला कुल्लू, हि0 प्र0**

मुकद्दमा नं0 : 14 / 2020

श्री बालक राम पुत्र नेजू राम, निवासी ननौन, फाटी घाटू, तहसील निरमण्ड, जिला कुल्लू, हि0 प्र0 .. वादी।

बनाम

आम जनता .. प्रतिवादी।

उनवान मुकद्दमा : प्रार्थना–पत्र जेर धारा 13(3) जन्म व मृत्यु अधिनियम, 1969 के अन्तर्गत जन्म तिथि दर्ज करने बारे।

इस कार्यालय में श्री बालक राम पुत्र नेजू राम, निवासी ननौन, फाटी घाटू, तहसील निरमण्ड, जिला कुल्लू, हि0 प्र0 ने उक्त अधिनियम के अन्तर्गत प्रार्थना–पत्र गुजार कर निवेदन किया है कि उसके तूखम से पुत्री सृष्टि का जन्म हुआ है। इसका नाम अज्ञानता के कारण व इलाका गैर रहने से निश्चित अवधि में दर्ज नहीं करवा सका है और उसकी पुत्री सृष्टि का जन्म दिनांक 21–07–2015 को हुआ है। जिस विषय उसने अपना ब्यान हलफिया भी प्रस्तुत किया है। सायल ने ग्राम पंचायत गमोग में उसके परिवार रजिस्टर में दर्ज करने का अनुरोध कर रखा है।

इस इश्तहार द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति को सृष्टि पुत्री बालक राम का नाम व जन्म तिथि ग्राम पंचायत गमोग में दर्ज करने में एतराज हो तो वह दिनांक

28–09–2020 तक हमारे कार्यालय में हाजिर होकर लिखित व मौखिक एतराज प्रस्तुत करें उक्त तारीख के बाद कोई भी एतराज मान्य नहीं होगा और समझा जावेगा कि उक्त नाम व जन्म तिथि ग्राम पंचायत में दर्ज करने बारे किसी को कोई एतराज नहीं है तथा सचिव ग्राम पंचायत गमोग को पंजीकृत नाम व जन्म तिथि दर्ज करने के आदेश पारित कर दिए जायेंगे।

आज दिनांक 25–8–2020 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

मोहर।

हस्ताक्षरित / —
कार्यकारी दण्डाधिकारी,
तहसील निरमण्ड, जिला कुल्लू (हि0 प्र0)।

---

**In the Court of Sh. Manjeet Sharma (H.P.A.S), Sub-Divisional Magistrate, Shimla (Urban), District Shimla, Himachal Pradesh**

Smt. Reeta w/o Sh. Prakash Kumar, resident of Down Dale Dhara No. 12, Phagli Shimla, Tehsil & Distt. Shimla, Himachal Pradesh . . *Applicant.*

*Versus*

General Public . . *Respondent.*

*Application under section 13(3) of Birth and Death Registration Act, 1969.*

Smt. Reeta w/o Sh. Prakash Kumar, resident of Down Dale Dhara No. 12, Phagli Shimla, Tehsil & Distt. Shimla, Himachal Pradesh has preferred an application to the undersigned for registration of date of birth of her daughter namely RUBYA (DOB 19-12-2016) at above address in the record of Municipal Corporation, Shimla.

Therefore, through this proclamation, the general public is hereby informed that any person having any objection for entry as to date of birth mentioned above, may submit his objection in writing in this court within 30 (Thirty) days from the date of publication of this notice in official Gazette. No objection will be entertained after prescribed period and application will be decided accordingly.

Given under my hand and seal of the Court on this 2nd September, 2020.

Seal.

MANJEET SHARMA (HPAS),
*Sub-Divisional Magistrate,*
*Shimla (Urban), District Shimla (H.P.).*

**ब अदालत उप–मण्डल दण्डाधिकारी अर्की, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश**

केस नं0 : 23 / 2020 दिनांक : 11–08–2020 तारीख पेशी : 20–09–2020

श्री सन्नी शर्मा पुत्र श्री चिंत राम, निवासी गांव व डाकघर सिकरोहा, तहसील सदर, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश।

व

कमला पुत्री तुलसी राम, निवासी गांव कोलका, डाकघर दानोघाट, तहसील अर्की, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश . . प्रार्थीगण।

बनाम

आम जनता

विषय.——प्रार्थना–पत्र बराए विवाह प्रमाण–पत्र लेने बारे।

उपरोक्त मुकद्दमा उनवाला में प्रार्थी श्री सन्नी शर्मा पुत्र श्री चिंत राम, निवासी गांव व डाकघर सिकरोहा, तहसील सदर, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश ने इस अदालत में प्रार्थना–पत्र दिया है जिसमें उसने व्यक्त किया है, कि उसने कमला पुत्री तुलसी राम, निवासी गांव कोलका, डाकघर दानोघाट, तहसील अर्की, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश के साथ दिनांक 04–08–2020 को व्यवस्थित विवाह हिन्दु रीति–रिवाजों के अनुसार किया है।

अतः आम जनता को इस इश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त प्रार्थीगण के विवाह का पंजीकरण करने बारे कोई एतराज हो तो वह दिनांक 20–09–2020 को सुबह 11.00 बजे असालतन या वकालतन इस कार्यालय में उपस्थित होवें, अन्यथा श्री सन्नी शर्मा पुत्र श्री चिंत राम, निवासी गांव व डाकघर सिकरोहा, तहसील सदर, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश व कमला पुत्री तुलसी राम, निवासी गांव कोलका, डाकघर दानोघाट, तहसील अर्की, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश को विवाह प्रमाण–पत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से जारी कर दिया जाएगा।

आज दिनांक 21–08–2020 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

मोहर। हस्ताक्षरित / –
विवाह अधिकारी एवं उपमण्डल दण्डाधिकारी अर्की,
तहसील अर्की, जिला सोलन (हि0प्र0)।

———————

**Office of the Sub-Divisional Magistrate, Arki, District Solan, H. P.**

| Case No. | Date of Institution | Date of Decision |
|---|---|---|
| 15/2020 | 28-08-2020 | Pending for 30-09-2020 |

Sh. Ram Dass s/o Sh. Nuratu Ram r/o Village & P.O. Navgaon, Tehsil Arki, District Solan, Himachal Pradesh . .*Applicant.*

*Versus*

General Public . .*Respondent.*

*Regarding delayed registration of Death event under section 13(3) of the Birth and Death Registration Act, 1969.*

**Proclamation**

Sh. Ram Dass s/o Sh. Nuratu Ram r/o Village & P.O. Navgaon, Tehsil Arki, District Solan, Himachal Pradesh has filed a case under section 13(3) of Birth & Death Registration Act, 1969 alongwith affidavits and other documents stating therein that his mother namely Late Smt. Besaru w/o Sh. Nuratu died on 07-08-2014 at Village & P.O. Navgaon, Tehsil Arki, but her death has not been entered in the records of Gram Panchayat Navgaon, Tehsil Arki, District Solan, H.P. as per certificate No. 10 issued by the Registrar, Birth and Death Registration, G.P. Navgaon, Tehsil Arki, District Solan.

Therefore, by this proclamation, the general public is hereby informed that any person having any objection for the registration of delayed date of death of Late Smt. Besaru w/o Sh. Nuratu may submit their objections in writing in this office on or before 30-09-2020 at 10.00 A.M., failing which no objection will be entertained after date of hearing.

Given under my hand and seal of this office on this 28th day of August, 2020.

Seal. Sd/-

*Sub-Divisional Magistrate,*
*Arki, District Solan, H. P.*

---

ब अदालत उप–मण्डल दण्डाधिकारी अर्की, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश

केस नं0 : 24 / 2020 दिनांक : 17–08–2020 तारीख पेशी : 20–09–2020

श्री रविन्द्र कुमार पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह, निवासी गांव ननोग, डाकघर जोबड़ी, तहसील अर्की, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश। व

निधि चौधरी पुत्री श्री रूप लाल, निवासी गांव तलसरी, डाकघर कालर, तहसील सदर, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश . . प्रार्थीगण।

बनाम

आम जनता

विषय.––प्रार्थना–पत्र बराए विवाह प्रमाण–पत्र लेने बारे।

उपरोक्त मुकद्दमा उनवाला में प्रार्थी श्री रविन्द्र कुमार पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह, निवासी गांव ननोग, डाकघर जोबड़ी, तहसील अर्की, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश ने इस अदालत में प्रार्थना–पत्र दिया है जिसमें उसने व्यक्त किया है, कि उसने निधि चौधरी पुत्री श्री रूप लाल, निवासी गांव तलसरी, डाकघर कालर, तहसील सदर, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश के साथ दिनांक 28–07–2020 को व्यवस्थित विवाह हिन्दु रीति–रिवाजों के अनुसार किया है।

अतः आम जनता को इस इश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त प्रार्थीगण के विवाह का पंजीकरण करने बारे कोई एतराज हो तो वह दिनांक 20–09–2020 को सुबह 11.00

बजे असालतन या वकालतन इस कार्यालय में उपस्थित होवें, अन्यथा श्री रविन्द्र कुमार पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह, निवासी गांव ननोग, डाकघर जोबड़ी, तहसील अर्की, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश व निधि चौधरी पुत्री श्री रूप लाल, निवासी गांव तलसरी, डाकघर कालर, तहसील सदर, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश को विवाह प्रमाण–पत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से जारी कर दिया जाएगा।

आज दिनांक 21–08–2020 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

मोहर। हस्ताक्षरित / –
विवाह अधिकारी एवं उपमण्डल दण्डाधिकारी अर्की,
तहसील अर्की, जिला सोलन (हि0प्र0)।

———————

**ब अदालत उप–मण्डल दण्डाधिकारी अर्की, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश**

केस नं0 : 22 / 2020 दिनांक : 11–08–2020 तारीख पेशी : 20–09–2020

श्री हरविन्द्र कुमार पुत्र श्री हरी राम, निवासी गांव बडाघाट, डाकघर मटेरनी, तहसील अर्की, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश। व

कुलवन्ती पुत्री श्री रविन्द्र पंवर, निवासी गांव स्यालाब, डाकघर नागनगांव, तहसील बारकोट, जिला उत्तरकाशी, उत्तराखण्ड . . प्रार्थीगण।

बनाम

आम जनता

विषय.––विशेष विवाह पंजीकरण अधिनियम, 1954 की धारा 5 के अन्तर्गत विवाह हेतु नोटिस।

प्रार्थी श्री हरविन्द्र कुमार पुत्र श्री हरी राम, निवासी गांव बडाघाट, डाकघर मटेरनी, तहसील अर्की, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश तथा कुलवन्ती पुत्री श्री रविन्द्र पंवर, निवासी गांव स्यालाब, डाकघर नागनगांव, तहसील बारकोट, जिला उत्तरकाशी, उत्तराखण्ड ने इस अदालत में विशेष विवाह पंजीकरण अधिनियम, 1954 की धारा 5 के अन्तर्गत विवाह हेतु नोटिस दिया है।

अतः आम जनता को इस इश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त प्रार्थीगण के विवाह करने बारे कोई एतराज हो तो वह दिनांक 20–09–2020 को या इससे पूर्व अपना लिखित अथवा मौखिक एतराज इस अदालत में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि की समाप्ति उपरान्त उपरोक्त प्रार्थीगण को विवाह की अनुमति जारी कर दी जाएगी।

आज दिनांक 21–08–2020 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

मोहर। हस्ताक्षरित / –
विवाह अधिकारी एवं उपमण्डल दण्डाधिकारी अर्की,
तहसील अर्की, जिला सोलन (हि0प्र0)।

## मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग

अधिसूचना

शिमला–2, 08 सितम्बर, 2020

**संख्या मुद्रण (बी)10–54 / 2010.**––हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के परामर्श से, हिमाचल प्रदेश मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग में **सहायक नियन्त्रक (प्रिंटिग ऑफसैट), वर्ग–I (राजपत्रित) तकनीकी** के पद के लिए इस अधिसूचना से संलग्न उपाबन्ध 'क' के अनुसार भर्ती और प्रोन्नति नियम बनाते हैं, अर्थात्:–

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**––(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग, सहायक नियन्त्रक (प्रिंटिग ऑफसैट), तकनीकी, वर्ग–I (राजपत्रित) भर्ती और प्रोन्नति नियम, 2020 है ।

(2) ये नियम राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित किए जाने की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. **निरसन और व्यावृत्तियां.**––(1) इस विभाग की अधिसूचना संख्याः (बी)2–28 / 96, तारीख 12–08–2002 द्वारा अधिसूचित हिमाचल प्रदेश मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग, सहायक नियन्त्रक (प्रिंटिग ऑफसैट), वर्ग–I (राजपत्रित) अलिपिक वर्गीय सेवाएं, भर्ती एवं प्रोन्नति नियम, 2002 का एतद्द्वारा निरसन किया जाता है ।

(2) ऐसे निरसन के होते हुए भी उपर्युक्त उप नियम 2 (1) के अधीन इस प्रकार निरसित सुसंगत नियमों के अधीन की गई कोई नियुक्ति या बात या कार्रवाई इन नियमों के अधीन विधिमान्य रूप में की गई समझी जाएगी।

आदेश द्वारा,
हस्ताक्षरित / –
अति0 मुख्य सचिव (मुद्रण एवं लेखन)।

––––––––

**उपाबन्ध–"क"**

**हिमाचल प्रदेश मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग में सहायक नियन्त्रक (प्रिंटिग ऑफसैट ), वर्ग–I (राजपत्रित) तकनीकी के पद के लिए भर्ती और प्रोन्नति नियम**

1. **पद का नाम.––सहायक नियन्त्रक (प्रिंटिग ऑफसैट) ।**

2. **पद (पदों) की संख्या.**––01 (एक) ।

3. **वर्गीकरण.**––वर्ग–I (राजपत्रित) तकनीकी।

4. **वेतनमान.––(I) नियमित पदधारियों के लिए वेतनमान.**––पे बैन्ड ₹ 10300–34800 / – जमा ₹ 5000 / –ग्रेड पे ।

   **(II) संविदा पर नियुक्त कर्मचारी (कर्मचारियों) के लिए उपलब्धियां.**––स्तम्भ 15–क में दिए गए ब्यौरे के अनुसार ₹ 15300 / – प्रतिमास।

5 **"चयन' पद अथवा 'अचयन' पद.**——चयन पद ।

6. **सीधी भर्ती के लिए आयु.**——18 वर्ष से 45 वर्ष :

परन्तु सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए ऊपरी आयु सीमा, तदर्थ या संविदा के आधार पर नियुक्त व्यक्तियों सहित, पहले से ही सरकार की सेवा में रत अभ्यर्थियों को लागू नहीं होगी :

परन्तु यह और कि यदि तदर्थ या संविदा के आधार पर नियुक्त किया गया अभ्यर्थी इस रूप में नियुक्ति की तारीख को अधिक आयु का हो गया हो, तो वह उसकी ऐसी तदर्थ या संविदा पर की गई नियुक्ति के कारण विहित आयु में शिथीलीकरण पात्र नहीं होगा / होगी :

परन्तु यह और कि ऊपरी आयु सीमा में, अनुसूचित जातियों / अनुसूचित जनजातियां व्यक्तियों के अन्य प्रवर्गों के लिए, उस विस्तार तक शिथिलीकरण किया जाएगा जितना कि हिमाचल प्रदेश सरकार के साधारण या विशेष आदेश (आदेशों) के अधीन अनुज्ञेय है :

परन्तु यह और भी कि समस्त पब्लिक सेक्टर निगमों तथा स्वायत्त निकायों के कर्मचारियों को, जो ऐसे पब्लिक सेक्टर निगमों तथा स्वायत्त निकायों के प्रारम्भिक गठन के समय ऐसे पब्लिक सेक्टर निगमों / स्वायत्त निकायों में आमेलन से पूर्व सरकारी कर्मचारी थे, सीधी भर्ती के लिए आयु सीमा में ऐसी ही रियायत अनुज्ञात की जाएगी, जैसी सरकारी कर्मचारियों को अनुज्ञेय है । ऐसी रियायत, तथापि पब्लिक सेक्टर निगमों / स्वायत्त निकायों के ऐसे कर्मचारिवृन्द् को अनुज्ञेय नहीं होगी, जो तत्पश्चात् ऐसे निगमों / स्वायत्त निकायों द्वारा नियुक्त किए गए थे / किए गए हैं और उन पब्लिक सेक्टर निगमों / स्वायत्त निकायों के प्रारम्भिक गठन के पश्चात् ऐसे निगमों / स्वायत्त निकायों की सेवा में अन्तिम रूप से आमेलित किए गए हैं, / किए गए थे।

(1) सीधी भर्ती के लिए आयु सीमा की गणना, उस वर्ष के प्रथम दिवस से की जाएगीं जिसमें पद (पदों) को आवेदन आमन्त्रित करने के लिए, यथास्थिति, विज्ञापित किया गया है या नियोजनालयों को अधिसूचित किया गया है।

(2) अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में सीधी भर्ती के लिए आयु सीमा और अनुभव हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार किया जा सकेगा ।

7. **सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्ति (व्यक्तियों) के लिए अपेक्षित न्यूनतम शैक्षिक और अन्य अर्हताएं.**——(क) **अनिवार्य अर्हता(एं).**——(i) किसी मान्यता प्राप्त स्कूल शिक्षा बोर्ड / संस्थान से विज्ञान में 10 जमा दो की परीक्षा उत्तीण की हो ।

(ii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या केन्द्रीय / हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा सम्यक रूप से मान्यता प्राप्त किसी संस्थान से ऑफसैट प्रिंटिग के विशिष्ट विषय के साथ प्रिंटिग टैक्नोलॉजी में कम से कम 4 वर्ष की अवधि का डिग्री कोर्स या इसके समकक्ष।

(ख) **वांछनीय अर्हताएं.**——हिमाचल प्रदेश की रूढियों, रीतियों और बोलियों का ज्ञान और प्रदेश में विद्यमान विशिष्ट दशाओं में नियुक्ति के लिए उपयुक्तता।

8. **सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्ति (व्यक्तियों) के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं, प्रोन्नत व्यक्ति (व्यक्तियों) की दशा में लागू होंगी या नहीं :**

**आयु.**——लागू नहीं ।

**शैक्षिक अर्हताएं.**——हां ।

9. **परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो.**——दो वर्ष, जिसका एक वर्ष से अनधिक ऐसी और अवधि के लिए विस्तार किया जा सकेगा, जैसा सक्षम प्राधिकारी विशेष परिस्थितियों में और कारणों को लिखित में अभिलिखित करके आदेश दे।

